जीतो मंदसौर चैप्टर यूथ विंग की नई कार्यकारिणी घोषित

मंदसौर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) मंदसौर चैप्टर यूथ विंग की मैनेजिंग कमेटी की घोषणा की गई। नवगठित टीम में समाज के युवा एवं सक्रिय सदस्यों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। नई कार्यकारिणी में समर गांधी को चेयरमैन, संयम जैन को चीफ सेक्रेटरी एवं संयम मेहता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं मेहुल जैन एवं संभव चोरड़िया को वाइस चेयरमैन तथा युगल दोषी एवं आदित्य जैन को ज्वाइंट सेक्रेटरी का दायित्व सौंपा गया है। जीतो चैप्टर चेयरमैन अंकित कीमती एवं सचिव सीए विकास भंडारी ने सदस्यों एवं सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

मंदसौर में जीतो चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह

मन्दसौर। जीतो के तत्वावधान में जीतो मंदसौर चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का भव्य शपथ ग्रहण एवं स्थापना समारोह आज 30 मई, शनिवार को हर्ष विलास फोर्ट में आयोजित किया जाएगा। समारोह में जीतो एपेक्स चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, वायस चेयरमैन कमलेश आर. सोजतिया, सेक्रेटरी जर्नल ललित डांगी सहित जीतो एपेक्स एवं एमपी जोन चेयरमैन हितेश मेहता एवं दिलीप जैन जोन सेक्रेटरी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में संजय डांगी मुंबई समारोह में शामिल होंगे। मंदसौर चैप्टर की नवीन कार्यकारिणी में अंकित कीमती को अध्यक्ष, सीए विकास भंडारी को मुख्य सचिव एवं मयूर सुराना को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही महिला विंग में श्रीमती अमिशी कीमती चेयरपर्सन, श्रीमती दिव्या चोरड़िया सचिव, श्रीमती पूजा गांधी कोषाध्यक्ष और युवा प्रकोष्ठ के श्री समर गांधी चेयरमैन, संयम जैन सचिव एवं संयम मेहता कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

आपरेशन मुस्कान के तहत सुवासरा पुलिस ने 2 अपहृत बालिकाओ को 3 दिन मे मोरवी गुजरात से किया दस्तयाब

मंदसौर। 24मई से लापता अपहृत बालिका उम्र 15 साल 07 माह व 17 साल 02 माह को सुवासरा पुलिस ने मोरवी गुजरात से दस्तयाब किया गया । घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए सुवासरा पुलिस ने बतायाकि 24.05.2026 को सूचनाकर्ता ने अपनी नाबालिग भतीजी उम्र 17 साल 02 माह व नाबालिग भांजी उम्र 15 साल 09 माह के घर ग्राम हंसपुरा से चले जाने संबंधी रिपोर्ट थाने पर की थी जिस पर से थाना सुवासरा पर अपराध क्रमांक 159/26 धारा 137(2) बी एन एस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । दोराने विवेचना प्रकरण मे गठित टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुऐ विश्वसनीय मुखबिर तंत्र व सायबर सेल मन्दसौर की मदद से अपहृता को दस्तयाब करने मे सफलता प्राप्त की तथा अपहृत बालिकाओ को सकुशल उसके परिवार के सुपूर्द किया गया । सराहनीय कार्य - उक्त सराहनीय कार्य मे निरीक्षक राजेन्द्र सिंह बघेल ,उनि केरूसिंह रावत प्रआर 136 सुरेन्द्र चौधरी , आरक्ष 864 लालु गुर्जर, महिला आरक्षक 63 रेखा आर्य का विशेष योगदान रहा ।

आपरेशन मुस्कान के तहत सुवासरा पुलिस की कार्यवाही

मंदसौर। 24मई से लापता अपहृत बालिका उम्र 15 साल 07 माह व 17 साल 02 माह को सुवासरा पुलिस ने मोरवी गुजरात से दस्तयाब किया गया । घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए सुवासरा पुलिस ने बतायाकि -दिनांक 24.05.2026 को सूचनाकर्ता ने अपनी नाबालिग भतीजी उम्र 17 साल 02 माह व नाबालिग भांजी उम्र 15 साल 09 माह के घर ग्राम हंसपुरा से चले जाने संबंधी रिपोर्ट थाने पर की थी जिस पर से थाना सुवासरा पर अपराध क्रमांक 159/26 धारा 137(2) बी एन एस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । दोराने विवेचना प्रकरण मे गठित टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुऐ विश्वसनीय मुखबिर तंत्र व सायबर सेल मन्दसौर की मदद से अपहृता को दस्तयाब करने मे सफलता प्राप्त की तथा अपहृत बालिकाओ को सकुशल उसके परिवार के सुपूर्द किया गया । सराहनीय कार्य - उक्त सराहनीय कार्य मे निरीक्षक राजेन्द्र सिंह बघेल ,उनि केरूसिंह रावत प्रआर 136 सुरेन्द्र चौधरी , आरक्षक 864 लालु गुर्जर, महिला आरक्षक 63 रेखा आर्य का विशेष योगदान रहा ।

पशुपालन मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी गंगधार को ज्ञापन सौंपा

चौमहला। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति जिला अध्यक्ष अशुल पटेल के नेतृत्व में कई किसानों ने राजकीय पशु चिकित्सालय चौमहला,गंगधार रामपुरा,उन्हेल नागेश्वर में गत कई वर्षों से अधिक समय से चल रहे पशु चिकित्सक के रिक्त पद को भरने को लेकर पशुपालन मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश चंदोलिया को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अशुल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि पशु चिकित्सालय चौमहला,गंगधार, रामपुरा, उन्हेल नागेश्वर में पशु चिकित्सक पद रिक्त है तथा इन चिकित्सालय में सरकार द्वारा दो पदों पर कंपाउंडर की नियुक्ति है जिसमें से तमाम चिकित्सालय में मात्र एक कंपाउंडर के भरोसे चिकित्सालय संचालित है। जिनके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पकड़ राजकीय पशु उप चिकित्सा केंद्र के अंतर्गत रणायरा, झाला गुराड़िया, तलावली, बिलावली, रावनगुराड़ी ,सुनारी, कीटीया, बडियाबिरजी केलूखेड़ा आदि ग्राम पंचायतों पर बिना किसी स्टाफ एवं कंपाउंडर के इन जगहों के भवनों को खुले वर्षों गुजर गए। इस दौरान कृष्ण सिंह, गोकुल मेहर, नामूलाल ,आदेश, भीमलाल गोपाल , गोविंद ,अमर सिंह, रतनलाल गोपाल लाला, विशाल, विक्रम दशोरिया, प्रेम , भागीरथ मेहर, मेहरबान सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

लायंस क्लब नागदा ग्रेटर द्वारा अन्नक्षेत्र में कराया भोजन, सेवा गतिविधि आयोजित

नागदा जं.निप्र। सेवा, संस्कार एवं समर्पण की भावना को साकार करते हुए लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के तत्वावधान में क्लब के मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन प्रतीक गगरानी के पूज्य दादाजी मदनलाल गगरानी एवं दादीजी श्रीमती कौशल्या देवी गगरानी की 67वीं वैवाहिक वर्षगाँठ के पावन अवसर पर अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र में दरिद्र नारायणों को सस्मम्मान भोजन प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी क्लब सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने दंपति के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद को प्रेमपूर्वक भोजन करवाकर मानव सेवा का अनुकरणीय कार्य किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है तथा ऐसे सेवा कार्य समाज में संवेदनशीलता एवं परोपकार की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में परिवारजनों में पुत्र संजय गगरानी, पुत्रवधु श्रीमती संध्या गगरानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सीवेज की खुदी सड़क, अतिक्रमण और बदहाल व्यवस्था ने ली युवक की जान, आखिर कब जागेंगे जनप्रतिनिधि और प्रशासन ?

नागदा जं. निप्र। नागदा शहर में गुरूवार को हुई 26 वर्षीय युवक आदित्य खेरवार निवासी विद्यानगर की हत्या ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। यह हत्या किसी बड़ी आपराधिक रंजिश का परिणाम नहीं थी, बल्कि शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक मार्गों पर पसरे अतिक्रमण, नगर पालिका की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता की उपज बनकर सामने आई है। एक युवक की जान सिर्फ इसलिए चली गई क्योंकि उसने रास्ते में बाधा बन रही मोटरसायकल को हटाने की बात कह दी थी। सवाल यह उठता है कि आखिर नागदा शहर की सड़कें आम नागरिकों के लिए हैं या अव्यवस्था और अतिक्रमण के हवाले कर दी गई हैं?

घटना जिस मार्ग पर हुई, वहां नगर पालिका द्वारा सीवेज लाइन डालने के लिए सड़क को बीच से खोद रखा गया था। सड़क पहले से ही संकरी हो चुकी थी, ऊपर से साइड में खड़ी मोटरसायकल ने रास्ता और बाधित कर दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे आदित्य खेरवार ने बाइक हटाने का कहा और देखते ही देखते मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दो युवकों ने उस पर हमला कर दिया और एक युवा जिंदगी हमेशा के लिए खत्म हो गई।

यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि नगर पालिका, प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विफलता का आईना है। शहर में जहां देखो वहां अधूरी खुदाई, टूटी सड़कें, खुले चैंबर, बेतरतीब अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था आम बात बन चुकी है। लेकिन इन समस्याओं को दूर करने की जिम्मेदारी जिन लोगों पर है, वे केवल बयानबाजी और फोटो खिंचवाने तक सीमित नजर आते हैं।

नागदा शहर में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण अब गंभीर समस्या बन चुका है। दुकानों के बाहर खड़े वाहन, सड़क तक फैला व्यापार, अव्यवस्थित पार्किंग और संकरी गलियों में फैलती भीड़ आए दिन विवादों का कारण बन रही है। इससे पहले भी कई बार मामूली वाहन टकराने या रास्ता रोकने जैसी घटनाओं को लेकर झगड़े हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने कभी भी गंभीरता से ठोस कार्रवाई करने की जरूरत नहीं समझी। यदि समय रहते अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने पर ध्यान दिया गया होता, तो शायद आज आदित्य खेरवार जीवित होता।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी इस घटना ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। शहर की जनता वर्षों से बदहाल सड़कों, सीवेज कार्यों की धीमी गति, अधूरी खुदाई और अव्यवस्थित ट्रैफिक से परेशान है, लेकिन जनप्रतिनिधियों का ध्यान केवल राजनीति और श्रेय लेने तक सीमित दिखाई देता है। विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो होती हैं, लेकिन धरातल पर नागरिकों को सुरक्षित और व्यवस्थित सड़कें तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। आखिर जनता कब तक अव्यवस्था की कीमत अपनी जान देकर चुकाती रहेगी?

शासकीय अस्पताल का प्रबंधन भी सवालों के घेरे में

इस घटना में शासकीय अस्पताल की कार्यप्रणाली भी कठघरे में खड़ी नजर आई। जानकारी के अनुसार घायल युवक को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिल सकी। जबकि नागदा के शासकीय अस्पताल में पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर द्वारा अपनी विधायक निधि से कार्डियक मल्टीस्पेशलिटी एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई थी। इसके अलावा वर्तमान विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान द्वारा भी एम्बुलेंस प्रदान किए जाने की जानकारी सामने आई है। अस्पताल में अन्य एम्बुलेंस भी मौजूद बताई जाती हैं, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब जरूरत पड़ी तब एम्बुलेंस आखिर उपलब्ध क्यों नहीं हो सकी?

बताया जा रहा है कि अस्पताल में एम्बुलेंस संचालन के लिए पर्याप्त स्टाफ और संसाधनों का अभाव है। यदि यह सच है तो फिर केवल एम्बुलेंस उपलब्ध करवा देने से क्या लाभ, जब उन्हें समय पर चलाने की व्यवस्था ही न हो? जनता को सुविधाओं का दिखावा नहीं, बल्कि जरूरत के समय वास्तविक सहायता चाहिए। गुरूवार की घटना के बाद लोगों में यह चर्चा भी तेज हो गई कि यदि घायल युवक को तत्काल एम्बुलेंस और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल जाती, तो संभवतः उसकी जान बचाई जा सकती थी।

शहरवासियों का कहना है कि नागदा में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन मूलभूत व्यवस्थाएं लगातार बदहाल होती जा रही हैं। सड़कें खुदी हैं, ट्रैफिक अव्यवस्थित है, अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है और प्रशासनिक निगरानी लगभग समाप्त होती दिखाई दे रही है। ऐसे में आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

आदित्य खेरवार की मौत ने यह साबित कर दिया है कि प्रशासनिक लापरवाही और अव्यवस्था केवल परेशानी ही नहीं, बल्कि जानलेवा भी बन चुकी है। अब जरूरत केवल आरोप-प्रत्यारोप की नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की है। नगर पालिका को शहर में चल रहे सीवेज कार्यों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से पूर्ण करना होगा। प्रशासन को सार्वजनिक मार्गों से अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था सुधारनी होगी और अस्पताल प्रबंधन को आपातकालीन सेवाओं को मजबूत बनाना होगा।

यदि अब भी जिम्मेदार नहीं जागे, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं फिर किसी परिवार की खुशियां उजाड़ सकती हैं। नागदा की जनता अब जवाब चाहती है कि आखिर शहर की बदहाल व्यवस्था का जिम्मेदार कौन है और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम कब उठाए जाएंगे?

अशुद्ध पेयजल, सफाई व सड़कों की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्षदों का धरना 13वें दिन भी जारी

पीएचई की पानी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग, नगर पालिका प्रशासन पर लगाए लापरवाही के आरोप

नागदा जं. निप्र। नगर में लगातार हो रहे अशुद्ध एवं मटमैले पेयजल वितरण, साफ-सफाई व्यवस्था में कथित लापरवाही तथा जर्जर एवं गड्ढायुक्त सड़कों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार पर किया जा रहा सांकेतिक धरना शुक्रवार को 13वें दिन भी जारी रहा। धरने के माध्यम से कांग्रेस पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए मूलभूत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की तथा जमकर नारेबाजी की। 13वें दिन धरने पर पार्षद रमाशंकर मालवीय के नेतृत्व में पार्षद प्रमोदसिंह चौहान, राजकुमार राठौर, सुरेन्द्र साहनी, पूर्व पार्षद कमलेश चावण्ड, नागरिक अधिकार मंच संयोजक अभय चौपड़ा, विनोद मेहरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना स्थल पर पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार राठौर से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर में अब साफ पानी की आपूर्ति की जा रही है, इसलिए आंदोलन समाप्त किया जाए। इस पर कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि यदि नगर में शुद्ध पानी की सप्लाई हो रही है तो पीएचई विभाग द्वारा कराई गई पानी जांच की रिपोर्ट आमजनता के बीच सार्वजनिक की जाए। कांग्रेस पार्षदों का कहना था कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा रिपोर्ट सार्वजनिक करने में देरी किए जाने से संदेह की स्थिति बन रही है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि यदि पानी पूरी तरह पीने योग्य है तो रिपोर्ट सार्वजनिक करने में किसी प्रकार की हिचक नहीं होनी चाहिए। उनका कहना था कि रिपोर्ट में देरी से यह स्पष्ट होता है कि नगर में सप्लाई हो रहा पानी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। पार्षद प्रमोदसिंह चौहान ने कहा कि लगभग तीन माह बीत जाने के बाद भी नगर पालिका परिषद नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं करा पाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ए ग्रेड नगर पालिका होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पार्षद चौहान ने आरोप लगाया कि पिछले लगभग 20 वर्षों से नगर पालिका में भाजपा का कब्जा होने के बावजूद पानी, सफाई और सड़कों जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतागण बोलते थे कि नगर पालिका का वर्ष 2022 का चुनाव पानी के मुद्दे पर लड़ा गया था लेकिन चुनाव के चार वर्ष पूरे होने के करीब हैं और आज भी नगरवासियों को अशुद्ध पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

बरसात पूर्व समीक्षा बैठक में सफाई व्यवस्था पर सख्ती - श्रीमती गेहलोत

नागदा जं. निप्र। नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा बढ़ती गर्मी एवं आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती संतोष ओपी गेहलोत के निर्देशानुसार स्थानीय डे-केयर मे रखी गयी थी, बैठक मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में शासन के निर्देशानुसार सफाई कर्मचारियों के कार्य समय में परिवर्तन किए जाने की जानकारी दी गई। अब सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्य करेंगे। सुबह 6 बजे से 9 बजे तक सड़क सफाई तथा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक नालियों की सफाई का कार्य किया जाएगा। नपाध्यक्ष श्रीमती गेहलोत द्वारा प्रत्येक वार्ड की सफाई व्यवस्था की सतत नियमित निगरानी की जाएगी तथा सभी मेटों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन होगा। यदि 15 दिनों के भीतर संबंधित वार्ड में सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं पाया गया तो संबंधित मेट के स्थान पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन सफाई कार्य के पश्चात मच्छरों की रोकथाम हेतु दवाई छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही रात्रिकालीन समय में फॉगिंग मशीन के माध्यम से धुआं कर मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने का कार्य लगातार जारी है। रात्री मे बाजार मे नियमित कचरा गाड़ी भेज प्रतिदिन कचरा साफ हो यह व्यवस्था भी जारी हैं। प्रत्येक कर्मचारी द्वारा प्रतिदिन नालियों की मैनुअल सफाई भी सुनिश्चित की जा रही है। आगामी बरसात को देखते हुए बड़े नालों की सफाई एवं आवश्यक तैयारियों का कार्य भी नगर पालिका द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। एसआई कन्हैयालाल चौहान एवं दरोगा की सख्त निगरानी में मेट एवं कर्मचारी कार्य करेंगे।

ईद इंतजाम ड्यूटी में नागदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

नागदा जं. निप्र। ईद पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चल रही विशेष इंतजाम ड्यूटी के बीच थाना नागदा पुलिस ने सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला बदर आरोपी शाहरुख उर्फ कांचा को गिरफ्तार कर संभावित आपराधिक गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आमजन में विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस थाना नागदा मण्डी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम ईद इंतजाम ड्यूटी के तहत कस्बा भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर आरोपी शाहरुख उर्फ कांचा अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम की मुस्तैदी और सक्रियता के चलते उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ एवं जांच के दौरान आरोपी जिला बदर आदेश के बावजूद क्षेत्र में मौजूद रहने की कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस प्रभावी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल गवरी के नेतृत्व में उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक सुनील परमार, सहायक उप निरीक्षक प्रभुलाल मुनिया, प्रधान आरक्षक विनोद माली, प्रधान आरक्षक विद्या शंकर प्रजापत, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक विशाल मेवाड़ा, आरक्षक दीपक कायस्थ, आरक्षक मिथुन, आरक्षक बंटी जाट एवं महिला आरक्षक पूजा राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

बिरलाग्राम झुग्गी बस्ती में जल संकट गहराया, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने नपा सीएमओ को लिखा पत्र

नागदा जं. निप्र। भीषण गर्मी के बीच बिरलाग्राम झुग्गी बस्ती में पेयजल समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी बिरलाग्राम मंडल के उपाध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नागदा को पत्र प्रेषित कर क्षेत्र में पर्याप्त जल प्रदाय सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा जल प्रदाय व्यवस्था में भेदभाव किया जा रहा है, जिससे हजारों परिवार परेशान हैं। पत्र में बताया गया कि नागदा मंडी क्षेत्र में नियम अनुसार सुबह एवं शाम दोनों समय जल प्रदाय किया जाता है, जबकि बिरलाग्राम झुग्गी बस्ती में लगभग 25 से 30 हजार परिवार निवास करते हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में केवल एक समय ही पानी की सप्लाई की जाती है और वह भी मात्र 15 मिनट तक सीमित रहती है। कम समय तक पानी आने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता की कमी से झुग्गी बस्ती के रहवासियों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। क्षेत्र में आबादी अधिक होने के कारण वर्तमान जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरह अपर्याप्त साबित हो रही है। महिलाओं एवं बच्चों को विशेष रूप से पानी भरने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। भाजपा नेता शंकरलाल प्रजापत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि बिरलाग्राम झुग्गी बस्ती की समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में पर्याप्त एवं नियमित जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए, ताकि हजारों परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को सभी क्षेत्रों में समान रूप से जल वितरण व्यवस्था लागू करनी चाहिए, जिससे किसी भी क्षेत्र के नागरिकों के साथ भेदभाव की स्थिति उत्पन्न न हो।

भीषण गर्मी में समाजसेवी बगदीराम गायरी बने आमजन का सहारा, पूरे कस्बे में निःशुल्क पानी के टैंकरों की व्यवस्था

चौमहला(मुकेश पोरवाल)। चौमहला कस्बे में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और गहराते पेयजल संकट के बीच समाजसेवी बगदीराम गायरी द्वारा मानवता की मिसाल पेश की जा रही है।

आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उनके द्वारा पूरे कस्बे के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में निःशुल्क पानी के टैंकर चलवाए जा रहे हैं, जिससे संपूर्ण कस्बेवासी को बड़ी राहत मिल रही है। इस सेवा कार्य में उनके पुत्र अशोक गायरी भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अशोक गायरी द्वारा स्वयं विभिन्न क्षेत्रों में पानी के टैंकरों की सप्लाई की व्यवस्था संभाली जा रही है, ताकि समय पर प्रत्येक जरूरतमंद इलाके तक पानी पहुंच सके। तेज गर्मी के चलते जहां लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, तथा लगातार जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी पहुंचाकर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। कस्बे के कई इलाकों में प्रतिदिन पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं ताकि किसी भी घर में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गर्मी के इस दौर में पानी की व्यवस्था करना बेहद मुश्किल हो गया था, लेकिन इनके द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य से लोगों को काफी राहत मिली है। आमजन ने उनकी सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। समाजसेवी अशोक गायरी ने बताया कि भीषण गर्मी में लोगों को पानी उपलब्ध करवाना उनका सामाजिक दायित्व है और जरूरतमंद लोगों की सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कस्बेवासियों ने बगदीराम गायरी एवं अशोक गायरी के इस जनहित एवं सेवा कार्य की पूरी-पूरी प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।